# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 26.11.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला, हिंदुस्तान,आज,परफेक्ट मिशन,राष्ट्रीय सहारा न्यायाधीश," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला –दि0 26.11.2024

### छह महीने में नक्शे के 67 आवेदन हुए ऑटो रिजेक्ट

वाराणसी। वीडीए की ओर से आम जनता की सुविधा के लिए ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान एप्रूवल सिस्टम (ओबीपीएएस) विकसित किया गया है। इस सॉफ्टवेयर ने बीते छह महीने में 67 ऑनलाइन आवेदनों को कमियों के चलते ऑटो रिजेक्ट किया है।

वीडीए के अनुसार अप्रैल माह से अब तक कुल मानचित्र के 614 ऑनलाइन आवेदन आए। इनमें से 407 को स्वीकृत किया गया। जबकि 106 आवेदनों को कमियों के कारण रिजेक्ट किया गया। इनमें 67 ऑनलाइन आवेदन ऑटो रिजेक्ट हुए। इससे कुल 30.20 करोड़ रुपये की आय वीडीए को अब तक हुई है। दरअसल वीडीए ने मानचित्र आवेदनों के निस्तारण में आने वाली जटिलताओं को कम करने के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू करने का सॉफ्टवेयर लॉन्च किया। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार इस सॉफ्टवेयर की खासियत है कि इसमें नक्शा के साथ जो भी जरूरी दस्तावेज हैं। उसे अपलोड करने पर यह ऑटो स्कैन कर आवेदन को स्वीकृत और अस्वीकृत करता है। इसकी जानकारी आवेदनकर्ता के मेल पर भेजी जाती है। साथ ही यदि कोई कमियों को दूर करता है तो उसके आवेदन की स्वीकृति मिल जाती है। इस प्रक्रिया में व्यक्ति को नक्शा पास कराने के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ती है। ब्यूरो

## अमर उजाला –दि0 26.11.2024

### वीडीए ने एक ध्वस्त और चार निर्माण सील किए

वाराणसी। वीडीए की ओर से सोमवार को एक अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई गई। शिवपुर वार्ड में चतुर्भुज सिंह की ओर से कोईराजपुर में दो बीघे में अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। इसे ध्वस्त कराया गया। उधर भेलूपुर में प्रवर्तन टीम ने अवैध निर्माण सील कर पुलिस अभिरक्षा में दिया। नेवादा सुंदरपुर में विरेंद्र कुमार सिंह के अवैध निर्माण, सामनेघाट पुल के नीचे गंगा नदी के 200 मीटर दायरे में प्रदीप यादव के अवैध निर्माण, पीतांबरपुर सोनारपुरा में सत्यदेव कुशवाहा के अवैध निर्माण, बाघहाड़ा सोनारपुरा में वर्दी पद्माकर के अवैध निर्माण को सील कराया गया। ब्यूरो

हिन्दुस्तान –दि0 26.11.2024

## वीडीए ने चार अवैध निर्माण सील किये

वाराणसी। वीडीए प्रशासन ने सोमवार को चार अवैध निर्माण सील किए। सुन्दरपुर में तीन मंजिला इमारत को सील करते हुए भवनस्वामी को चेतावनी दी गई। सामने घाट पुल के पास गंगा के 200 मीटर में निर्माण पर सीलिंग की कार्यवाही की गई। सोनारपुरा में पीताम्बरपुर मोहल्ले में भी अवैध निर्माण सील किया गया। वहीं बागहाड़ा में 600 वर्गफीट में अवैध निर्माण सील किया गया।

आज –दि0 26.11.2024

## भेलूपुर वार्डमें चार निर्माणाधीन भवन सील

विप्रा उपाध्यक्षके निर्देशपर भेलूपुर वार्डमें चार भवनोंके खिलाफ काररवाई करते हुए सील कर दिया गया। क्षेत्रीय अवर अभियन्ताने भेलूपुर थानेमें लिखित रूपसे शिकायत दर्ज कराते हुए उसकी अभिरक्षामें उसे सौंप दिया। विरेन्द्र कुमार सिंह मौजा नेवादा आराजी संख्या-२६९/२ वार्ड नगवां बिना अनुमतिके दो तलेका भवन निर्माण कर रहे थे। मौके पर गयी टीमने उसे सील कर दिया। भवन स्वामी प्रदीप यादव सामने घाट पुलके नीचे वार्ड नगवांमें बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण कार्य कर रहे थे। मौकेपर पहुंची टीमने कार्य कर रहे मजदूरोंको भगा दिया और भवनको सील कर दिया। मोहल्ला पीताम्बरपुर, सोनारपुरामें भी अवैध निर्माण किया जा रहा था। मौकेपर पहुंची अभियन्ताओंकी टीमने मानचित्र मांगा जिसे भवन स्वामी दिखानेसे इनकार कर दिया। टीमने भवनस्वामी सत्यदेव कुशवाहा भवन संख्या बी ६/१२१ को सील कर दिया। बाघाड़ा सोनारपुरा वार्ड भेलूपुरमें भी भवन स्वामी वद्री पद्माकर भवन संख्या ७/१५१-ए-१ लगभग छह सौ वर्ग फिटमें अवैध निर्माण कर रहे थे। मौकेपर पहुंची अभियन्ताओंकी टीमको स्वीकृत मानचित्र दिखानेमें भवन स्वामी असफल रहे। इसके बाद भवनको सील कर दिया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


आज –दि0 26.11.2024

## प्लाटिंग के निर्माण पर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर सोमवार को अभियंताओं ने वार्ड शिवपुर के मौजा कोईराजपुर में दो बीघा जमीन पर हो रहे प्लाटिंग पर जेसीबी चलवायी। काररवाई में जोनल अधिकारी गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता रामचंद्र, प्रिया अग्रहरी, प्रवर्तन दल, सुपरवाइजर और स्थानीय पुलिस की देखरेख में काररवाई की गयी।

न्यायाधीश –दि0 26.11.2024

## वाविप्रा जोन-1 की प्रवर्तन टीम ने ध्वस्त किया अवैध निर्माण



वाराणसी।उपाध्यक्ष वविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-1 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।इसके तहत वार्ड-शिवपुर, थाना- बडगांव के अन्तर्गत चतुर्भुज सिंह प्लाटिंगकर्ता द्वारा मौजा- कोइराजपुर, में लगभग 2 बीघा में अवैध प्लाटिंग किये जाने पर 25.11.2024 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।मौके पर जोनल अधिकारी श्री सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियन्ता श्री रामचंद्र व प्रिया अग्रहरी, प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

परफेक्ट मिशन –दि0 26.11.2024

# वीडीए प्रवर्तन टीम ने अवैध निर्माण को किया ध्वस्त



**वाराणसी।** उपाध्यक्ष के निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन–1 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। जिसमें वार्ड– शिवपुर, थाना– बडगांव के अन्तर्गत चतुर्भुज सिंह प्लाटिंगकर्ता द्वारा मौजा– कोइराजपुर, में लगभग 2 बीघा में अवैध प्लाटिंग किये जाने पर सोमवार को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियन्ता रामचंद्र व प्रिया अग्रहरी, प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सहारा –दि0 26.11.2024

## वीडीए ने अवैध प्लाटिंग पर चलाया बुलडोजर

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर विकास प्राधिकरण जोन एक की प्रवर्तन टीम ने अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। शिवपुर वार्ड के बडगांव थाना अंतर्गत चतुर्भुज सिंह कॉलोनाइजर की तरफ से मौजा-कोइराजपुर में लगभग दो बीघा में अवैध प्लाटिंग किये जाने पर सोमवार को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। वहीं दूसरी तरफ जोन चार भेलूपुर वार्ड की प्रवर्तन टीम ने अवैध निर्माणों को सील किया। इसमें नेवादा, सुंदरपुर, नगवां, और सोनारपुरा क्षेत्र के पिताम्बरपुर व बाघहाड़ा में अवैध निर्माण सील किया गया।